>

Title : Need to release funds for construction of a building for Navodaya Vidyalaya in Khagaria district, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य के खगड़िया जिला अंतर्गत नवोदय विद्यालय खगड़िया का अपना भवन नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई सुचारू ढंग से नहीं हो पा रही है। बिहार सरकार ने नवोदय विद्यालय खगड़िया के भवन निर्माण के लिए नःशुल्क जमीन उपलब्ध करा दी है, लेकिन केन्द्र सरकार से राशि का आवंटन नहीं मिलने के कारण भवन निर्माण नहीं हो रहा है।

अतः सरकार नवोदय विद्यालय खगड़िया के भवन निर्माण के लिए आवंटन राशि शीघ्र उपलब्ध करा कर भवन निर्माण करा दें।